भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3452
जिसका उत्तर मंगलवार 11 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

क्षेत्रीय असंतुलन कम करना

3452. श्री ई. अहमद:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय पिछड़े क्षेत्रों में भारी उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने में कोई भूमिका निभाता है।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करके सरकार का अपनी योजनाओं का उपयोग किस प्रकार करने का विचार है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (ग): उद्योग राज्य का विषय है। तथापि, भारी उद्योग विभाग पिछड़े क्षेत्रों सहित विभिन्न राज्यों में कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थापना के जरिए भारी उद्योगों को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। इसके अलावा, भारी उद्योग विभाग अभिनव योजनाओं के जरिए उद्योग में प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ पर्यावरणानुकूल प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। बहुत से राज्यों ने भारी उद्योगों सहित उद्योगों के विकास और वृद्धि के लिए प्रोत्साहन और योजनाएं विकसित की हैं। केन्द्र सरकार भी वित्त मंत्रालय के माध्यम से पूरे देश में उद्योगों की वृद्धि के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संरचना में प्रोत्साहन देती है।

******